>

Title: Regarding waterway service from Ghogha Port in Gujarat to Surat and Mumbai.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): महोदय, मैं अपने माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं, क्योंकि जब वह गुजरात के मुख्य मंत्री थे, तब उनका ड्रीम प्रोजेक्ट गुजरात का पहला वॉटरवे घोघा-दहेज रो-रो फेरी सर्विस, जिसको उन्होंने शुरू करवाया और प्रधान मंत्री बनने के बाद उसका स्वयं इनोग्रेशन किया । लेकिन सूरत और मुम्बई दो ऐसे शहर हैं, जिनके साथ हम सामाजिक, आर्थिक और व्यावसायिक तरीके से जुड़े हुए हैं । सूरत हमारे यहां से 300 किलोमीटर और मुम्बई हमारे यहां से 600 किलोमीटर दूर है । भौगोलिक परिस्थिति को देखें तो समुद्र के एक किनारे हमारा भावनगर यानी घोघा है और दूसरे किनारे मुम्बई और सूरत है । अगर घोघा से सूरत और घोघा से मुंबई की रोरो फेरी और रोरो पैक्स सर्विस शुरू की जाए, तो न सिर्फ भावनगर बल्कि पूरे सौराष्ट्र जोन के विकास के द्वार खुल जाएंगे । राजमार्ग पर हैवी ट्रैफिक जाम लगता है, वह भी बंद हो जाएगा ।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब कन्कलूड कीजिए ।

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल : माननीय सभापति जी, सचमुच में विकास के द्वार खुल जाएंगे । इसलिए, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि घोघा-सूरत और घोघा-मुंबई के लिए रोरो फेरी शुरू करवाई जाए ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Dr. Bharatiben Dhirubhai Shyal.